कृषि क्रांति रथ भिड़रा, 2015

सूचना सेवकों का सफल प्रयास; मिला किसानों को लाभ

ग्राम भिड़रा में सूचना सेवकों के प्रयासों के फल स्वरूप ग्राम पंचायत भिड़रा के एवं आसपास की पंचायतों के किसानों और युवाओं ने कृषि क्रांति रथ मेला में भाग लेकर विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जनकारी प्राप्त की जिसका निकट भविष्य में अपनी खेती, पशुपालन, उद्यानकी आदि को आधुनिक तरीके से कर के अपने लाभ को और अधिक बड़ा सकेंगे तथा खेती को आधुनिक यंत्रो के प्रयोग के बल से कम मेहनत में अधिक मुनाफा कमायेगे । पशुपालन विभाग अधिकारी डॉ.आर.एस.सिकरबार (मो. 9425361038) जी ने बताया की खेती के साथ-साथ पशुपालन भी किसान भाई आसानी से कर सकते है क्योंकी पशुऔ के लिये चारा किसानो की खेती में आसानी से मिल जाता है तो खेती के साथ दूध डेयरी कर के किसान भाई लाभ ले सकते है, डॉ जी. बी.साहू पशु चिकित्सालय, उमरी (मो.-9425361022) जी ने पशुयो में होने बाली बिमारियों के लक्ष्ण बताये तथा पशु पालको को दवाइयां भी दी गयी और बीमार पशुओ का ईलाज किया गया साथ ही पशुओ को उतम क्वालिटी के बीज से क्रत्रिम गर्वाधान कराया गया |



श्री कृष्ण शर्मा वन परिक्षेत्र आधिकारी (उत्तर) गुना 9424794680, ने किसान भाईयो को सलाह देते हुये कहा की भाईयो आप खेती के साथ-साथ खेत की मेड़ पर फलदार पेड़ लगा कर लाभ कमा सकते

है जिसमे आंवला,नीवू ,आम,पपीता जेसे पेड़ लगा कर वायु प्रदुषण को भी रोक सकते है पक्षियों को छाया, हवा को ठंडा और अपने आप को फल लेकर अपनी आय बड़ा सकते है | श्री भूपेंद्र राजपूत मोबाईल- 9575588441 फारेस्ट गार्ड जी ने तेंदू पत्ता विषय पर रोशनी डाली.



श्री देवेन्द्र कुमार भार्गव जी पंचायत आधिकारी जनपद पंचायत गुना, मोबाईल नम्बर 9993927001 ने कहा की समाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये ऐसे हितग्राही जिनकी आयु साठ (60) वर्ष की हो चुकी हो और बी.पी. एल. का राशनकार्ड हो अपना आवेदन दे सकता है उसको 150 रुपये/माह हितग्राही पेंशन मिलने लगेगी और बैंक खाते में आजाया करेगी. श्री अजय पाल सिंह मोर्य, जनपद पंचायत - गुना मोबाईल 8103455696 जी ने कहा की युवायो को चाहिये की आप अपने घरो में शोचालय बनवा कर अपनी बहु बेटियों की लाज बचा सकते है जिस के लिये सरकार प्रोत्सान राशि के रूप में 12000 (बारह हजार) रूपये हितग्राही को देती है अतः सभी को शौचालय बनाना चाहिये |

श्री विष्णु पाटीदार नर्सरी ग्राम सेवक (RHEO), मोबाईल 9407115501 जी ने बताया की किसान भाईओ अभी तक आप पुरानी खेती को अपनाते आ रहे है लेकिन खेती को लाभ का धंधा बनाना है तो आप को नई तकनीक और नई खेती को अपनाना होगा जैसे की कीमती फसलो में गिने जाने बाली फसल हल्दी,आदरक और फूलो की खेती करके लाभ किसान भाई ले सकते है |



श्री जी.एस.तोमर कृषि अनुविभागीय अधिकारी गुना, मोबाईल नंबर 9425633848 जी ने कहा की किसान भाईयो अपने खेते में पड़ी गेहू की नर्बाई को जलाना नहीं चाहिए क्योकि नर्बाई के साथ खेत के पोषक तत्व भी जल जाते है जिसके कारण हमको आधिक खाद का उपयोग करना पड़ता है, कथों की गहरी जुताई करना चाहिये जिसका परिणाम अगर कम बर्षा होती है तो फसल को गहरी जुताई से नमी मिलती रहेगी और फसल नहीं सूखेगी और अधिक वर्षा के समय में पानी जमीन में चला जायेगा और हमारी फसल गलने से बच जाएगी |



डॉ जी. एस.कुल्मी क्रषि आधिकारी गुना मोबाईल-9424418862 जी ने बताया की खेतो में हम लागत तो बहुत लगते है लेकिन उत्पादन कम मिलता है जिसका कारण है की हम मिट्टी परीक्षण नहीं करबाते और बहुत अधिक मात्रा में यूरिया, डी. ए. पी. डालते रहते है जिसके कारण हमारी जमीन दिनों-दिन बंजर होती जा रही है और कीटनाशकों के प्रयोग से आज हजारो प्रकार की बीमारियाँ फेल रही है अतःमिट्टी परीक्षण करवाना चाहिये और अवश्यकता के अनुसार खाद डालना चाहिये होसके तो देसी खाद का उपयोग अधिक करना चाहिए जिससे कम लागत में अधिक मुनाफा होगा और खेत भी बंजर होने से बचेगा |



जिला सहकारी बैंक के सहकारी प्रबंधक श्री अशोक श्रीवास्तव गुना मोबाईल 9425134028 ने (10)दस किसानो को किसान कार्ड बितरित किये तथा किसान कार्ड का उपयोग तथा लाभों पर प्रकाश डाला |



मध्य प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड गुना इंजीनियर, मैडम तिवारी जी मोबाईल-9406902334 और E. E. M.P.E.B. विशाल उपाध्याय, मोबाईल 9425040332 जी ने किसानो को आपने खेतो को सिंचित करने तथा बिजली की कटोती से बचने के लिये समय पर बिल जमा करने की सलाह दी साथ ही ट्यूबवेल के लिये कनेक्शन लेने के लिये उचित सलाह दी जो की कम लागत में आसानी से हो सकता है |

सूचना सेवा जिला आधिकारी (D.M.) | श्री नगेन्द्र चतुर्वेदी जी ने प्रधान मंत्री जी की तीन जनहित में बीमा योजनाओ पर विस्तार से जानकारी दी साथ ही उपस्थित आधिकारियो और जन समूह को सूचना सेवा के द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी तथा सूचना सेवा और सूचना सेवा के कार्यो पर प्रकाश डालते हुये कहा की सूचना सेवा जनता और सरकार के बीच दो दूर-दूर किनारों को एक दूसरे को जोड़ने में एक पुल की तरह कार्य करता है |



श्रीमति रेखा सक्सेना महिला बालविकास विभाग गुना ने बताया की निशक्त बच्चो को प्रोत्साहन राशि के रूप में 150 (एक सौ पचास रूपए) प्रति माह मिलेगी , जो बच्चे निशक्त होने के कारण आंगनवाडी नहीं पहुच पाते उन बच्चों को आंगनवाडी तक पहुचने के लिए उनके माता पिता एवं बच्चे के जॉइंट खाते में प्रोत्साहन राशि भेजी जाएगी, जिससे की निशक्त बच्चे भी आंगनवाडी पहुचें और कुपोषण से बच सके |



एन.एस. राजपूत कृषि विभाग, गुना मोबाईल -9993769469 जी ने बताया की कृषि यंत्रों में किसानों को छूट दी जाती है और गरीब किसानों को मुफ्त में बीज किट वितरित किये जाते है तथा अनुदान में खाद बितरित किया जाता है | इस मौके पर किसानों को बीज (सोयाबीन ,मक्का ,उरद ,बाजरा) वितरित किये गये .



कृषि क्रांति रथ में अन्य सामिल अधिकारी कर्मचारी जन |

(०१) श्री एन.एस. दण्डोतिया जी मछली निरीक्षक गुना, मोबा.- 9926255929.

(०२) श्री ब्रजेश त्यागी जी आत्मा SMS गुना मोबाईल.- 9691656313.

(०३) एन.एस. बरेलिया (SCI) मोब.- 9575525152.

(04) श्रीमति रेखा सक्सेना महिला बालविकास विभाग गुना .

(०५) श्री मति विमला धाकड़ आंगनवाडी कार्यकर्ता ग्राम भिड़रा .

(०६) श्री मति सरुपी शर्मा ए.एन.ऍम. उपस्वास्थ केंद्र ऊमरी .

(०७) डॉक्टर अनूप सोनी स्वास्थ केंद्र भदोरा मोबाईल -8305751771.

(०८) एन.एस. राजपूत कृषि विभाग गुना मोबाईल -9993769469.

(०९) वी.एल. जाटव कृषि ग्राम सेवक गुना. मोबाईल.-9425768509.

(१०)गुमान सिंह धाकड़ ग्राम भिड़रा मोबाईल- 8435860565.

विभिन्न ग्रामो से आये सम्मलित किसान जन.